<u>आवश्यक सूचना</u>

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

बिहार पुलिस में बैकलॉग रिक्तियों पर सिपाहियों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–01/2009 (संदर्भ पी0आर0–7423 (पुलिस) 08–09 एवं पी0आर0– 4602 एवं 5463 (पुलिस) 09–10) राज्य के सभी प्रमुख दैनिक समाचार–पत्रों में 02.11.09 को प्रकाशित किया जा चुका है । विज्ञापन में आवेदन–पत्रों की बिक्री से संबंधित सभी जिले के चयनित डाकघरों एवं भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं की सूची भी सुविधा हेतु प्रकाशित की गयी थी । इस संदर्भ में ज्ञातव्य है कि आवेदन–पत्रों की बिक्री एवं अभ्यर्थियों द्वारा भरे हुए आवेदन–पत्रों को बैक हार्डिंग रोड स्थित चयन पर्षद कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि–02.12.2009 है । आम नागरिकों / इच्छुक अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पुनः सूचित किया जाता है कि अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए इस निमित्त निर्धारित अंतिम तिथि 02.12.2009 के पूर्व भारतीय स्टेट बैंक अथवा डाकघरों की संबंधित शाखाओं से यथाशीघ्र आवेदन–पत्रों का क्रय कर ससमय जमा करने का कष्ट करें ।

यह भी सूचित किया जाता है कि इसके अतिरिक्त बिहार पुलिस में सिपाही पद की 10,110 (दस हजार एक सौ दस) रिक्तियाँ उपलब्ध हैं जो सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति की रिक्तियाँ हैं । बैकलॉग रिक्तियों के आवेदन–पत्रों की बिक्री समाप्ति के उपरान्त शीघ्र ही वर्त्तमान रिक्तियों का प्रकाशन किया जायेगा ।

(अध्यक्ष)
केन्द्रीय चयन पर्षद, बिहार, पटना।